आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 18.05.2025

समय 1830

**मुख्य समाचार** :–

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पिथौरागढ़ में सशस्त्र बलों को संबोधित करते हुए कहा– पूरे देश को वीर जवानों के बलिदान और समर्पण पर गर्व है।
- प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी के तिरपालीसैंण में 'तिरंगा यात्रा' निकाली।
- उत्तराखंड पुलिस ने राजधानी देहरादून में अवैध रूप से रह रहे 05 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया।
- विश्व प्रसिद्ध रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आज ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं।
- मौसम विभाग ने आज से 24 मई तक राज्य में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है।

**केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि पूरा देश वीर जवानों के बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा पर गर्व करता है। श्री नड्डा ने आज सीमांत जिले पिथौरागढ़ में सेना, आईटीबीपी, एसएसबी के जवानों से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए जवानों का आभार जताया। इस दौरान उन्होंने सीमा की रक्षा में तैनात हथियारों, उपकरणों और अन्य रक्षा संसाधनों की भी जानकारी ली।

केंद्रीय मंत्री पिथौरागढ़ के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित वाइब्रेंट विलेज के तहत चल रही योजनाओं और प्रस्तावित कार्यक्रमों पर प्रस्तुतीकरण दिया। इसके साथ ही पर्यटन विभाग ने पर्यटन योजनाओं, आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री को स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

श्री नड्डा का पिथौरागढ़ के गुंजी गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण, ज्योलिंगकोंग से आदि कैलाश का भ्रमण तथा गुंजी में महिला फेडरेशन द्वारा संचालित होम स्टे का दौरा करने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

इससे पहले आज सुबह देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को हाउस ऑफ हिमालया के उत्पाद भेंट किए। इस दौरान श्री धामी ने उन्हें राज्य की महिला शक्ति और स्थानीय लोगों द्वारा स्वरोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों से अवगत कराया।

## तिरंगा यात्रा

आतंकवाद के खिलाफ सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच पूरा देश सेना के जवानों के शौर्य और साहस को सलाम कर रहा है। प्रदेश में तिरंगा यात्रा के जरिए सेना के शौर्य की गाथा लोगों तक पहुंचाई जा रही है। इसी कड़ी में आज स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले के तिरपालीसैंण में 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' निकाली। इस मौके पर डॉ. रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और देश के वीर जवानों के शौर्य से प्रत्येक देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## बांग्लादेशी गिरफ्तार

उत्तराखंड पुलिस ने राजधानी देहरादून के क्लेमेंटटाउन क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे 05 बांग्लादेशी नागरिकों और 01 भारतीय महिला को गिरफ्तार किया है। बांग्लादेशी नागरिकों में 04 पुरुष और 01 महिला शामिल हैं। बांग्लादेशी नागरिकों के पास से 02 बांग्लादेशी आईडी और 02 फर्जी भारतीय आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम घुसपैठियों से गहन पूछताछ में जुटी है।

## अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस

दुनिया भर में आज अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रतिवर्ष सांस्कृतिक आदान–प्रदान, सांस्कृतिक समृद्धि, सहयोग और शांति को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण साधन के रूप में संग्रहालयों की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

## रुद्रनाथ मंदिर

चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध चतुर्थ केदार श्री रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आज ब्रह्म मुहूर्त में पूरे विधि–विधान से श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिनकी मौजूदगी ने कपाट खुलने की प्रक्रिया को और भी दिव्य बना दिया। अगले छह माह तक देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालु इस पवित्र धाम के दर्शन कर भगवान रुद्रनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा अपने चरम पर है। बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के आवागमन से व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। डंडी–कंडी और घोड़ा–खच्चर संचालकों को तीर्थयात्रियों की सुविधाओं के लिए विशेष रूप से सेवा का अवसर मिला है। यात्रा मार्गों पर स्थानीय लोगों, महिला स्वयं सहायता समूहों और अन्य व्यवसायियों को लाभ मिल रहा है।

इसी कड़ी में उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सुविधाओं, यातायात व्यवस्था और सुरक्षात्मक उपायों की उपलब्धता को सुदृढ़ किया है। जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से चारधाम यात्रा पर आईं महिला श्रद्धालुओं ने मंदिर

परिसर और यात्रा मार्गों पर की गई व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन और पुलिस का आभार जताया है।

## स्वच्छता अभियान

पौड़ी जिले में बाल श्रम, बाल विवाह रोकथाम, नशामुक्ति और सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर पालिका और वन विभाग के कार्मिकों के साथ ही एनसीसी व विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य न केवल न्यायालय परिसर को साफ करना है, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता पैदा करना भी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखना सभी का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है, इसी भावना के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज से 24 मई तक राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस अवधि में राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने के आसार बने हुए हैं। यही स्थिति राज्य के मैदानी जिलों में भी देखने को मिल सकती है। इस दौरान लोगों को मौसम पूर्वानुमान के अनुसार यात्रा करने की अपील की गयी है। साथ ही मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी गयी है।